समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# अंबानी से 700 करोड़ का ऑर्डर मिलने का दिख रहा असर, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों मे 6% का उछाल।

Publisher
Published on 09 Jun 2025



## “रिलायंस से 700 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर पाते ही एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों मे जोरदार उछाल, जानिए प्रोजेक्ट की पूरी डिटेल और निवेशकों के लिए क्या है मौका”

**Afcons Infrastructure Share: एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (Afcons Infrastructure)** के शेयरों में सोमवार को जोरदार उछाल देखने को मिला। **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड** से **700 करोड़ रुपये** का बड़ा ऑर्डर मिलने के बाद कंपनी के **शेयरों मे 6% तक** की तेजी आई और **स्टॉक ₹460.7** प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया।

कंपनी ने शनिवार (7 जून 2025) को **नेशनल स्टॉक एक्सचेजं (NSE)** और **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेजं (BSE)** को इस ऑर्डर की आधिकारिक जानकारी दी थी।

**रिलायंस से मिला 700 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट**
**एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर** को यह ऑर्डर गुजरात के दाहेज विनाइल प्रोजेक्ट से संबंधित कंस्ट्रक्शन वर्क्स के लिए मिला है।

कंपनी को **सिविल, मैकेनिकल, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग** और **कमीशनिंग** का कार्य संभालना है।
हालांकि **कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 700 करोड़ रुपये** तय हुई है, लेकिन अंतिम भुगतान कुल प्रोजेक्ट लागत के आधार पर किया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट को जून 2026 तक पूरा किए जाने की उम्मीद है।

**मई मे भी मिला था बड़ा ऑर्डर**
यह पहला मौका नहीं है जब **एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर** को बड़ा प्रोजेक्ट मिला हो। **मई 2025** में भी कंपनी को 463.50 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मिला था।

यह प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के तहत **राजस्थान सरकार** के **पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेटं** द्वारा दिया गया था। इसके तहत कडाना बैक वॉटर (माही बांध) से डूंगरपुर जिले के 353 गांवों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था की जानी है।

**पिछली तिमाही के नतीजे**
**मार्च 2025** को समाप्त तिमाही में **एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर** का शुद्ध लाभ **23.44%** घटकर ₹110.93 करोड़ रहा।
पिछले साल की समान तिमाही में यह लाभ ₹144.89 करोड़ था।

**शेयर पर नजर, टारगेट प्राइस**
१. ट्रेंडलाइन के अनुसार, **एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर** के शेयर पर औसत **टारगेट प्राइस ₹543** है, जो कि मौजूदा स्तर से **21%** संभावित बढ़त को दर्शाता है।
२. **7 एनालिस्ट्स ने स्टॉक पर 'स्ट्रॉन्ग बाय' की रेटिंग दी है**।
३. सोमवार सुबह 10:16 बजे तक **बीएसई पर स्टॉक 3.1% चढ़कर ₹448.6 प्रति शेयर** पर कारोबार कर रहा था।
४. हालांकि पिछले **6 महीनों मे इंसमे 14%** और इस साल अब तक 16% की गिरावट देखी गई है।
५. **कंपनी का मौजूदा मार्केट कैपिटलाइजेशन ₹16,498 करोड़** है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.